# राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में खंडवा के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन, जीते सात पदक

**खंडवा।** 29वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय एवं तीसरी मध्य प्रदेश प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता बीएसएफ रेवती रेंज, इंदौर में आयोजित हुई।



प्रतियोगिता में खंडवा जिले के निशानेबाजों ने कोच काशिफ लियाकत के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल सात पदक अपने नाम किए। 50 मीटर राइफल टीम स्पर्धा में अब्दुल अहद कुरैशी, विशाल ठाकुर और मोहनीश हबीब ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं 10 मीटर राइफल स्पर्धा में दिव्या हिरानी और आराध्य शर्मा ने स्वर्ण तथा अश्विन मूलचंदानी ने रजत पदक हासिल किया। समाजसेवी कमल नागपाल और मनीष मलानी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# इनरव्हील क्लब की पांच दिवसीय फिटनेस कार्यशाला 15 जुलाई से

**खंडवा।** इनरव्हील क्लब खंडवा द्वारा महिलाओं एवं युवतियों के लिए 15 से 20 जुलाई तक महावीर भवन में पांच दिवसीय फिटनेस कार्यशाला आयोजित की जाएगी। योग प्रशिक्षक आशा उपाध्याय प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक योग एवं फिटनेस के गुर सिखाएंगी। कार्यशाला में नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, डाइटिशियन, ब्यूटीशियन, महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञ भी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। क्लब अध्यक्ष सरोज जैन ने अधिक से अधिक महिलाओं एवं युवतियों से कार्यशाला का लाभ उठाने की अपील की है।

# तीन हजार रुपये का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार



**खंडवा।** मांधाता थाना पुलिस ने वर्ष 2023 से फरार चल रहे तीन हजार रुपये के इनामी आरोपी चंद्रकांत उर्फ गोलू भालेराव निवासी लौंदी (जिला खरगोन) को मऊ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

आरोपी के विरुद्ध मारपीट एवं गाली-गलौज का मामला दर्ज था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसके चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनोख सिंह सिंदया, उपनिरीक्षक लखन डावर, सहायक उपनिरीक्षक आशीष लाड एवं आरक्षक पंकज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दादाजी धूनीवाले मेले की तैयारियों का विधायक कंचन मुकेश तनवे ने लिया जायजा



**खंडवा।** आगामी दादाजी धूनीवाले मेले एवं गुरु पूर्णिमा पर्व की तैयारियों को लेकर विधायक कंचन मुकेश तनवे ने शनि मंदिर एवं गणेश गौशाला मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को सड़क के गड्ढे भरने, प्रवेश द्वारों की रंगाई-पुताई तथा अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य गुरु पूर्णिमा से पहले पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सावनेर, भाजपा नेता लोकेंद्र सिंह गौड़, दिनकर राव एवं नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में उमड़ा जनसैलाब

## सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक मंजू दादू ने किया पौधरोपण

### घाघरला में 500 पौधे रोपे गए, ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**नेपानगर।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत घाघरला में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और वन विभाग की सहभागिता देखने को मिली। मां पोहरा देवी वूमेन एंड चिल्ड्रन वेल्फेयर सोसायटी, वन विभाग एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में खंडवा संसदीय क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और नेपानगर विधायक मंजू दादू ने ग्रामीणों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान करीब 500 पौधे लगाए गए।






### पेड़ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि पेड़ केवल हरियाली बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी ने पूरी दुनिया को पेड़ों के महत्व का एहसास कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए सभी लोगों से अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

**कोरकू भाषा में संवाद कर जीता ग्रामीणों का दिल–** नेपानगर विधायक मंजू दादू ने ग्रामीणों से स्थानीय कोरकू भाषा में संवाद किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और वृक्षों के महत्व पर अपने विचार रखते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने की अपील की। स्थानीय भाषा में दिए गए उनके संदेश का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही सक्रिय भागीदारी–** वृक्षारोपण अभियान में भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को,पूर्व नगर पालिका नेपानगर अध्यक्ष राजेश चौहान,भाजपा जिला मंत्री विक्रम सिंह चौहान,भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप जाधव एवं मनोज महेश्वरी, सरपंच रतन पटेल,जिला पंचायत सदस्य किसन धाडे, प्रेम सिंह चौहान, रमेश महाजन, दौलत कोहले, भाजपा नावरा मंडलाध्यक्ष क्षितिज महाजन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी, समाजसेवी, ग्रामवासी तथा मां पोहरा देवी वूमेन एंड चिल्ड्रन वेल्फेयर सोसायटी के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प–** कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

# 38 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण कल

**मुंदी।** नगरवासियों और क्षेत्र के विद्यार्थियों को 15 जुलाई को 38 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय की सौगात मिलेगी। विद्यालय का लोकार्पण प्रदेश के राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल तथा विधायक नारायण पटेल की उपस्थिति में होगा।



लोकार्पण से पूर्व विधायक नारायण पटेल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विद्यालय का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों की कमी का भी संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग से शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य सीमा राठौर, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर सहित शिक्षा विभाग एवं भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# जिलेभर में गुंडा परेड, 117 गुंडे और 34 निगरानी बदमाशों के डोजियर तैयार

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में रविवार को गुंडा एवं निगरानी बदमाश परेड आयोजित की गई। इस दौरान 117 गुंडा बदमाशों एवं 34 निगरानी बदमाशों को थानों में बुलाकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा नए डोजियर तैयार किए गए। सभी को कानून का पालन करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# जनसंख्या दिवस अभियान के तहत प्रतियोगिताएं

खंडवा/पंधाना। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय रुस्तमपुर में जनसंख्या नियंत्रण विषय पर वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने विद्यार्थियों को छोटे परिवार के महत्व, मातृ-शिशु स्वास्थ्य तथा जनसंख्या स्थिरीकरण की जानकारी दी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने



वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बीईई मनीष शर्मा, अनिल श्रीमाली, हेमलता गुप्ता, बसंती पंचोरे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किशोर कुमार को भारत रत्न देने की मांग, अभियान शुरू

**खंडवा।** सद्भावना मंच ने महान पार्श्वगायक किशोर कुमार के जन्मदिवस एवं खंडवा गौरव



दिवस के उपलक्ष्य में अभियान की शुरुआत करते हुए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग उठाई है। मंच ने केंद्रीय गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ईमेल और सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञापन भेजकर किशोर कुमार के पैतृक निवास को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने तथा उनके नाम पर चौराहे का नामकरण करने की मांग भी की। कार्यक्रम में मंच के संस्थापक प्रमोद जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने कराओके पर किशोर कुमार के गीत प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खंडवा जिले के अपराध समाचार

**सूने मकान का ताला तोड़कर 60 हजार की चोरी–** पदमनगर थाना क्षेत्र के सिंघाड़ तलाई में अज्ञात बदमाश सूने मकान का ताला तोड़कर एलसीडी टीवी, गैस सिलेंडर, पानी की मोटर, पीतल-कांसे के बर्तन, बैंक पासबुक, एफडी के दस्तावेज तथा सोने-चांदी के आभूषण सहित करीब 50 से 60 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अवैध संबंध के शक में महिला से मारपीट–** कोतवाली थाना क्षेत्र में दूसरी महिला से अवैध संबंधों को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**होटल कर्मचारी से मारपीट, मामला दर्ज–** कोतवाली क्षेत्र में होटल में खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में कर्मचारियों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ऑटो सवारी उतारने के विवाद में युवक से मारपीट–** पदमनगर थाना क्षेत्र में ऑटो से सवारी उतारने की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपियों ने गाली-गलौज कर युवक के साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**शराब के नशे में बोलेरो चलाने पर चालक पर कार्रवाई–** पुलिस ने शराब के नशे में बोलेरो वाहन चलाते मिले चालक के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर वाहन भी जब्त किया गया।

**मांधाता में आठ लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार–** अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को 8 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक के कब्जे से 18 क्वार्टर (करीब 3.24 लीटर) देशी प्लेन शराब बरामद की। शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

**निर्माण कार्य के दौरान हुई मौत, जांच में प्रकरण दर्ज–** मर्ग जांच के दौरान निर्माण कार्य से जुड़े एक मामले में लापरवाही के तथ्य सामने आने पर पुलिस ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**हरसूद में जमीन विवाद में मारपीट, कई लोगों पर केस–** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दूसरे जमीन विवाद में भी मारपीट का मामला दर्ज–** थाना क्षेत्र में जमीन को लेकर हुए एक अन्य विवाद में भी मारपीट और गाली-गलौज की घटना सामने आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**खालवा में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत–** तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण पिकअप की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

# खेलो भारत कबड्डी में मुंबई टॉप-30 अकादमी बनी विजेता





**खंडवा/पंधाना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर खेलो भारत अभियान के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रोमांचक मुकाबलों में मुंबई टॉप-30 अकादमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांदीपनी विद्यालय पंधाना उपविजेता रहा, जबकि शासकीय महाविद्यालय पंधाना ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि अमन सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिलीप सिंह देवड़ा, पृथ्वीराज महाजन, कृष्णकांत राठौर, ऋतुराज सिंह गौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### देशी (चिकने) बांस के 500 पौधे लगाने पर दो वर्ष बाद 75 हजार रुपए का प्रोत्साहन, इस बार दोगुने किसान ले रहे योजना का लाभ।

# अनिल खंडाले की पहल से राष्ट्रीय बांस मिशन से जुड़ रहे आदिवासी किसान

**नेपानगर।** राष्ट्रीय बांस मिशन योजना के तहत जिले के आदिवासी किसानों को अतिरिक्त आय से जोड़ने का प्रयास लगातार बढ़ रहा है। सामाजिक वानिकी वृत्त खंडवा की बुरहानपुर इकाई के अनिल खंडाले के मार्गदर्शन में इस वर्ष मांडवा और चांदनी वनग्राम के वन अधिकार पत्रधारी एवं राजस्व कृषि भूमि वाले किसान बड़ी संख्या में योजना से जुड़ रहे हैं। पिछले वर्ष जहां जिले के केवल चार किसानों ने इस योजना का लाभ लिया था, वहीं इस बार लगभग 7 से 8 किसान बांस रोपण कर रहे हैं।

**मेड़ों पर लगाए जा रहे देशी (चिकने) बांस के पौधे–** योजना के तहत किसान अपनी कृषि भूमि की मेड़ों पर देशी (चिकने) बांस के 500 पौधे लगा रहे हैं। प्रत्येक पौधे की लागत लगभग 18 रुपये किसान स्वयं वहन कर रहे हैं। पौधों के सफल संरक्षण के बाद दो वर्ष में शासन द्वारा प्रति पौधा 150 रुपये के हिसाब से कुल 75 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

**अतिरिक्त आय के साथ खेतों का भी होगा संरक्षण–** बांस रोपण से किसानों को केवल आर्थिक लाभ ही नहीं मिलेगा, बल्कि खेतों की



मेड़ों का संरक्षण और मिट्टी के कटाव को रोकने में भी मदद मिलेगी। भविष्य में बांस का उपयोग कृषि कार्यों, घरेलू जरूरतों तथा बाजार में बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में भी किया जा सकेगा। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मांडवा और चांदनी वनग्राम के किसान हो रहे लाभान्वित–** इस वर्ष मांडवा और चांदनी वनग्राम के आदिवासी किसान योजना के प्रति अधिक जागरूक होकर बांस रोपण कर रहे हैं। वन विभाग का मानना है कि किसानों की बढ़ती भागीदारी से आने वाले वर्षों में जिले में बांस आधारित आजीविका को नया विस्तार मिलेगा। सामाजिक वानिकी वृत्त खंडवा की बुरहानपुर इकाई के अनिल खंडाले एवं मांडवा के बीटगार्ड कमलेश रघुवंशी किसानों को योजना की जानकारी देने के साथ-साथ बांस रोपण और उसके संरक्षण के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहे हैं। विभाग द्वारा पात्र किसानों को योजना से जोड़ने के लिए लगातार संपर्क और जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।